Soft plastic coating 250 μm और hard plastic coating लगभग 900 μm diameter की होती है। अत: इन fibers को मजबूत cable structure के रूप में tag किया जा सकता है Indoors में use किया जा सकता है Network के device को link किया जा सकता है तथा ऊँची buildings के लिए use किया जाता है। इसके मुख्य elements होते हैं— Multiple 900 μm tight buffered fiber, central strength member, Aramid yarn (kevlar), Ripcord तथा outer jacket (sheath or PVC)।

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 5.11 (a)—Tight buffered fiber and coated fiber


Scanned with CamScanner



चित्र 5.11 (b)—Tight buffered fiber



चित्र 5.11 (c)—Tight buffered fiber



चित्र 5.11 (d)—Fiber optic loose tube cable samples

250 µm coated fiber जिसको कि bare fiber भी कहा जाता है। इसकी core, cladding तथा soft plastic coating tight buffered fiber की तरह होती है लेकिन इसमें hard plastic coating नहीं होती है। इन cables को एक flexible plastic tube में डाला जाता है तथा खोखली tube को नमी से बचाने के लिए gel का use किया जाता है।

Aramid yarn को central तथा strength member के रूप में use किया जाता है। इसके बाहर एक polyethylene की jacket use की जाती है। इनको outdoors applications के लिए use किया जाता है। अत: इसके मुख्य elements होते हैं— Multiple 250 µm coated bare fibers, loose tubes, moisture blocking gel, central strength member, Aramid yarn, Ripcord, outer jacket ।

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

Important Definitions

Fiber optic joints: *Fiber optic joints or terminations are made two ways: splices which create a permanent joint between the two fibers or connectors that mate two fibers to create a temporary joint or connect the fiber to a piece of network. Either joining method must have three primary characteristics for good optical performance: low loss, minimal reflectance and high mechanical strength.*

Connector: *An optical fiber connector terminates the end of an optical fiber, and enables quicker connection and disconnection than splicing. Most fiber optic connectors are plugs or male connectors with a protruding ferrule that holds the fibers and aligns two fibers for mating. Connectors are used for terminations, i.e., the ends of the fibers where they connect to equipment or to patch panels where fiber routing can be changed by patching different fibers together. Multimode fibers are relatively easy to terminate, so field termination is done by installing connectors directly on tight buffered fibers.*

Splices: *Splices are permanent joints and are used for joining most outside plant cables. There are two types of splices i.e., fusion and mechanical. Fusion splicing is widely used as it provides for the lowest loss and least reflectance, as well as providing the strongest and most reliable joint. Hence, all single mode splices are fusion.*

Splitters: *A fiber optic splitter is a device that splits the fiber optic light into several parts by a certain ratio. For example, when a beam of fiber optic light transmitted from a 1X3 equal ratio splitter, it will be divided into 3-fiber optic light by equal ratio that is each beam is 1/3 or 33.33% of the original source.*

Couplers: *A fiber optic couplers is a device with one or more input fibers and one or several output fibers. Light entering an input fiber can appear at one or more outputs and its power distribution potentially depending on the wavelength and polarization. A coupler can be used as a splitter to couple out some portion of the light circulating in the resonator of fiber laser. The same kind of devices is useful in fiber interferometers, also for combining two inputs. Dichroic couplers can be used to combine a pump and a signal input for a fiber amplifier, or to remove residual pump light after the amplifier.*

Intrinsic and Extrinsic coupling losses: *Intrinsic coupling losses are caused by inherent fiber characteristics. Extrinsic coupling losses are caused by jointing techniques. Intrinsic coupling losses are limited by reducing fiber mismatches between the connected fibers. This is done by procuring only fibers that meet stringent geometrical and optical specifications. Extrinsic coupling losses are limited by following proper connection procedures.*

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

Fiber cables: *Fiber optic cable refers to the complete assembly of fibers, other internal parts like buffer tubes, ripcords, stiffeners, strength members all included inside an outer protective covering called the jacket. Fiber optic cables come in different types, depending on the number of fibers and how and where it will be installed. Cable's job is to protect the fibers from the environment encountered in an installation. Inside buildings, cables don't have to be so strong, but they have to meet all fire code provisions. Outside the building, it depends on whether the cable is buried directly, pulled in conduit, strung aerially.*

Cleaving: *A much faster technique for preparing fiber ends is cleaving. Here, one pulls the fiber while scratching it from a side, e.g. with a vibrating diamond blade. This makes the fiber break with normally fairly smooth end faces – at least around the core region. By twisting the fiber during this process, angle cleaves can be fabricated, but the results are less reproducible than for polishing techniques.*

AKC TECHNICAL CLASSES

प्रश्नावली–5

1. (a) OFC में connectors, splices, splitters, couplers, cables व isolators क्या होते हैं। इनकी आवश्यकता व महत्व क्या है? इनके विभिन्न प्रकार भी लिखिए?
   (b) Single व multimode fiber connectors में क्या अन्तर है?
   (c) Splicing की क्या आवश्यकता है? विभिन्न प्रकार की splicing तकनीकों के बारे में बताइए?
   (d) Couplers क्या होते हैं? Source to fiber couplers, fiber to fiber couplers तथा fiber to detector couplers में क्या अन्तर है?
   (e) Intrinsic व extrinsic coupling loss क्या होते हैं? Underground, under sea व overhead losses में क्या अन्तर है?
   (f) Coupling की क्या आवश्यकता है? Cable संरचना के विभिन्न तत्व तथा अभिलक्षण बताइए।
   (g) Cable के installation तथा design पर टिप्पणी लिखिए।
   (h) Cable की jacketig, transport तथा handling पर टिप्पणी लिखिए।
2. Fusion splicing व mechanical splicing में अन्तर समझाइये।
3. किसी फाइबर ज्वाइंट में misalignment से होने वाली समस्याओं की व्याख्या कीजिये।
4. Spitters व couplers के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिये।
5. Straight sleeve व tapered sleeve connector में अंतर बताइये।

Scanned with CamScanner

6 ऑप्टिकल मापन (OPTICAL MEASUREMENT)

THINK ABOUT IT

A disciple and his teacher were walking through the forest. The disciple was disturbed by the fact that his mind was in constant unrest.

He asked his teacher: "Why most people's minds are restless, and only a few possess a calm mind? What can one do to still the mind?" The teacher looked at the disciple, smiled and said:

"I will tell you a story. An elephant was standing and picking leaves from a tree. A small fly came, flying and buzzing near his ear. The elephant waved it away with his long ears. Then the fly came again, and the elephant waved it away once more." This was repeated several times. Then the elephant asked the fly:

"Why are you so restless and noisy? Why can't you stay for a while in one place?" The fly answered: "I am attracted to whatever I see, hear or smell. My five senses, and everything that happens around me, pull me constantly in all directions, and I cannot resist them. What is your secret? How can you stay so calm and still?"

The elephant stopped eating and said: "My five senses do not rule my attention. I am in control of my attention, and I can direct it wherever I want. This helps me to get immersed in whatever I do, and therefore, keep my mind focused and calm. Now that I am eating, I am completely immersed in eating. In this way, I can enjoy my food and chew it better. I control my attention, and not the other way around, and this helps me stay peaceful."

Upon hearing these words, the disciple's eyes opened wide, and a smile appeared on his face. He looked at his teacher and said: "I understand! My mind will be in constant unrest, if my five senses, and whatever is happening in the world around me are in control of it. On the other hand, if I am in command of my five senses, able to disregard sense impressions, my mind would become calm, and I will be able to disregard its restlessness."

"Yes, that's right," answered the teacher. "The mind is restless and goes wherever the attention is. Control your attention, and you control your mind."

ARC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

§ 6.1. परिचय (Introduction) :

विज्ञान तथा टेक्नोलोजी के किसी भी क्षेत्र में advances तभी संभव हैं, यदि उस तकनीक से संबंधित objects का निरीक्षण तथा accurate मापन किया जा सके। फाइबर ऑपटिक्स तकनीक में भी यही नियम लागू होता है। फाइबर आपटिक्स तकनीक में हुये विकास का श्रेय इस बात को भी जाता है कि फाइबर के सभी parameters के मापन हेतु नयी तकनीकों का विकास किया जा सका।

मापन का महत्व फाइबर फैब्रीकेशन में तो है ही, इसके साथ-साथ मापन से प्राप्त पैरामीटर फाइबर को use करते समय guide का कार्य करते हैं। अत:, user जो fiber use कर रहा है, उसकी specifications की पूरी जानकारी user को ही जाती है तथा इसे fiber सिस्टम के दूसरे components का design करने तथा overall optical fiber communication design में भी सहायता मिलती है।

व्यवसायिक फाइबर निर्माता मापन के द्वारा अपने प्रोडक्ट्स का विशिष्टीकरण (specifications) प्रदान कर सकते हैं तथा फाइबर users भी इसको verify कर सकते हैं कि जिन specifications की उन्हें आवश्यकता है, वह उन्हें प्राप्त हो रहे हैं अथवा नहीं।

आपटीकल फाइबर का चयन तीन मुख्य बातों पर आधारित होता है—क्षीणन (attenuation losses), प्रकाश युग्मन की सहजता (ease of light coupling) तथा बैंडचौड़ाई (bandwidth)। यह सभी पैरामीटर्स फाइबर डिजाइन व प्रोडक्शन में स्थापित अभिलक्षणों पर आधारित होते हैं। Signal losses fiber के अंदर attenuation पर निर्भर करते हैं। युग्मन में आसानी फाइबर कोर के व्यास (diameter) तथा numerical aperture पर निर्भर करती है। एक महत्वपूर्ण कारक जो फाइबर की बैंडविड्थ को कन्ट्रोल करता है, वह है RIP या Refractive Index Profile अत: फाइबर को किसी अनुप्रयोग में use करने हेतु इन तीनों कारकों की जानकारी व मापन किया जाना आवश्यक है।

AKC TECHNICAL CLASSES

§ 6.2. फाइबर का टर्मिनेशन तथा अंत निरीक्षण (Termination and End Inspection of Fiber) :

फाइबर को splice (या connect) करने से पूर्व fiber के सिरों (end faces) को भलीभाँति तैयार करना आवश्यक है। Light scattering से बचाव हेतु हेतु ends flat (समतल) व smooth होने चाहिये। End preparation हेतु sawing, grinding व polishing तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है।

प्रयोगशालाओं में end preparation हेतु cleavage तकनीक का use किया जाता है। इसमें stripper द्वारा fiber की primary coating को 2-3 cm remove किया जाता है (4-5 मिनट के लिये fiber को acetone में रखकर भी यह किया जा सकता है)। इसके बाद fiber को curve form में bent किया जाता है तथा साथ में tension apply की जाती है। इससे फाइबर में stress distribution उत्पन्न हो जाती है। Scratch point पर अधिकतम stress उत्पन्न होती है जिससे फाइबर में crack propagate होता है तथा smooth व perpendicular edge faces प्राप्त होते हैं।

Scanned with CamScanner

§ 6.3. क्षीणन मापन तकनीकें (Attenuation Measurement Techniques):

Optical fiber में travel करते समय light की power का कम हो जाना attenuation या क्षीणन कहलाता है। Fiber में होने वाले अवशोषण scattering banding तथा अन्य losses के कारण attenuation होता है। Attenuation को किसी विशेष wavelength पर measure किया जाात है। इन्हीं दो बिन्दुओं X तथा Y के बीच में total attenuation निम्न सूत्र द्वारा दिया जाता है—

$$A = 10 \log \frac{P_x}{P_y} \text{ dB}$$

where P_x = The power output at point x

P_y = The power output at light y

(Point x को यहाँ optical source से निकट माना गया है)

Attenuation coefficient का सूत्र निम्नवत् है।

$$\alpha = \frac{A}{L} \text{ dB/km}$$

L = The distance between points x and y

α = A positive number because P_x is always larger than P_y

कटबैक विधि (Cutback Method) :

Laboratory में optical fiber के attenuation का measure करने के लिए cutback method का use किया जाता है। Cutback method में test fiber में transmit हुई power तथा fiber के starting में power की तुलना की जाती है। Multimode fiber attenuation का measure करने के लिए EIA/TIA-455-46 method का use किया जाता है जबकि single mode का use किया जाता है। इन दोनों methods में मापन का सिद्धान्त एक ही होता है। इस test method यह आवश्यकता होती है कि L लम्बाई वाली fiber को 2 मीटर लम्बाई पर cut किया जा सके।

इस विधि को चित्र 6.1 में दर्शाया गया है। पहले लम्बाई L में output power P_1 को optical power metre द्वारा measure किया जाता है बिना input light condition को disturb किये fiber को 2 मीटर लम्बाई पर काटकर output power P_2 को measure किया जाता है। इसके बाद attenuation को निम्नवत् calculate कर लिया जाता है—

$$A = 10 \log \frac{P_2}{P_1}$$


Launch Conditions :

इस measurement में optical fiber में light power को launch करने हेतु सावधानी बरतनी पड़ती है। Single mode fiber में केवल fundamental mode को launch किया जाता

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

है जबकि multimode fiber में विभिन्न modes के बीच power वितरण को control करना पड़ता है।



चित्र 6.1—Cutback method for measuring fiber attenuation
(a) Test measurement; (b) Cut-back measurement

इसके लिए spot size और angular distribution को control करना पड़ता है। Launch spot-size fiber face का वह area होता है जो optical source की light beam द्वारा illuminate (प्रकाशित) किया जाता है। इसका diameter optical source के size और lens की properties पर निर्भर करता है।

Angular distribution optical source तथा light beam के मध्य angle से सम्बन्ध रखता है। Mode filter वह device होता है जो fiber में कुछ modes को pass करता है और कुछ modes को attenuate करता है। Mode filters में सामान्यत: fibers को mandrel के चारों ओर लपेट दिया जाता है इसको mandrel wrap mode filter भी कहते हैं।

Multimodes fiber में यह high order propagating modes को remove करता है जबकि single modes fiber में second order propagating mode को remove करता है।

In laboratory situations, end users perform the cutback method for measuring the total attenuation of an optical fiber. The cutback method involves comparing the optical power transmitted through a long piece of test fiber to the power present at the beginning of the fiber (about 2 meters).

The cutback method for measuring multimode fiber attenuation is EIA TIA-455-46. The cutback method for measuring single mode fiber attenuation is EIA/TIA-455-78.


The basic measurement process is same for both of these procedures. The test method requires that the test fiber of known length (L) be cut back an approximate 2-m length. This method requires access to both fiber ends. Each fiber end could be properly prepared to make measurements.

ARC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

कट-बैक विधि का experimental set-up चित्र 6.2 में प्रदर्शित है। एक 100 W के quartz halogen lamp को source के रूप में use किया जाता है। L_1 तथा L_2 lens इस light को collimate (parallel) करते हैं जबकि lens L_3 microscope objective है। यह light को collect करके optical fiber की input को देता है। Fiber को fiber chuck (FC) में hold किया जाता है। Collimated beam के पथ में optical filter F को mount किया जाता है। प्रयोगशाला में प्रयोग करते समय विभिन्न wavelength के फिल्टर्स का प्रयोग किया जा सकता है। Fiber को launching सिरे के निकट एक mode scrambler से pass किया जाता है। इससे modes की steady state equilibrium distribution प्राप्त होती है। Fiber की cladding modes को strip करने हेतु cladding mode stripper का use किया जाता है। Fiber के दूसरे सिरे को भी fiber chuck में hold करके photodetector को दिया जाता है। Detector का output optical power meter को दिया जाता है। Micro-positioners की सहायता से fiber core का alignment करके अधिकतम आउटपुट वाली position प्राप्त की जाती है।

अब fiber को कट-करके फिर से far end की output measure की जाती है (इस reading हेतु light launching set-up को disturb नहीं किया जाता)। Attenuation के सूत्र का प्रयोग करके fiber loss की गणना की जाती है तथा attenuation coefficient व wavelength के मध्य ग्राफ plot करके fiber की spectral attenuation curve प्राप्त की जाती है।



चित्र 6.2—Attenuation मापन हेतु experimental set-up

Total transmission loss के मापन हेतु cut-back तकनीक का use किया जाता है जो अत्यंत accurate, विश्वसनीय तथा simple है। किन्तु यह destructive तकनीक है, तथा इस विधि में कुछ फाइबर नष्ट हो जाता है।

§ 6.4. डिस्पर्ज़न मापन तकनीकें (Dispersion Measurement Techniques) :

Dispersion bandwidth को कम कर देता है जिससे optical fiber की सूचना को carry करने की क्षमता (information carrying capacity) कम हो जाती है। Dispersion के कारण light pulse चौड़ी होने लगती है। Dispersion intramodal या intermodal हो

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

सकता है। Multimode fiber की bandwidth, उसके intermodal dispersion का माप होती है। Multimode fiber की सभी mode exite होने की स्थिति में intermodal dispersion अधिकतम होता है। Intermodal dispersion के मापन के हेतु प्रयुक्त source को fiber को overfill कर देना चाहिये। Optical source की spectral width पतली होनी चाहिये ताकि मापन में achromatic dispersion का प्रभाव न पड़े। Modal bandwidth माप करने की दो तकनीकें होती हैं। पहली तकनीक में time domain में fiber की impulse का मापन किया जाता है। दूसरी technique frequency domain में fiber की basement frequency response का मापन किया जाता है। Frequency domain में bandwidth measure करने हेतु EIA/TIA-455-30 test method use किया जाता है। परिवर्ती आवृत्तियों के signal fiber में launch किये जाते हैं तथा बाहर निकलने वाली power ($P_{out}(f)$) का मापन किया जाता है (fundamental frequency पर) उसके बाद fiber को cutback कर दिया जाता है तथा इस छोटी fiber में उन्हीं स्थितियों को repeat किया जाता है। इस condition में power को $P_{in}(f)$ से denote कर देते हैं।

अत: optical fiber frequency response

$$H(f) = \log_{10} \frac{P_{out}(f)}{P_{in}(f)}$$

Fiber bandwidth वह न्यूनतम frcquency होती हैं जस पर fiber frequency response zero frequency response का आधा हो जाता है। इसको –3 dB optical power frequency कहा जाता है। इसको fiber की bandwidth भी कहा जाता है और यह MHz-km के unit में व्यक्त की जाती है।

Time Domain Dispersion Measurements—Multimode fiber में optical pulse dispersion की time domain measurement तकनीक का experimental setup चित्र 6.3 में प्रदर्शित किया गया है। एक optical source (जैसे कि AlGaAs DH laser) से पतली optical pulse को fiber में launch किया जाता है। Fiber में लगभग 1 km चलने के बाद dispersion के कारण pulse broaden (चौड़ा होना) होने लगती है। Fiber से बाहर आने वाली pulse को photodetector द्वारा detect किया जाता है और एक fast sampling oscilloscope की screen पर display किया जाता है। Pulse की चौड़ाई का मापन करके fiber dispersion ज्ञात किया जा सकता है। यदि $P_i(t)$ तथा $P_o(t)$ input तथा output power को व्यक्त करती है तथा pulse Gaussian shape की है तो

$$\Gamma_0^2 (3\text{ dB}) = \Gamma^2(3\text{ dB}) + \Gamma_i^2 (3\text{ dB})$$


जहाँ $\Gamma_i (3\text{ dB})$ = Width of input pulse at half power

$\Gamma_o (3\text{ dB})$ = Width of output pulse at half power

$\Gamma (3\text{ dB})$ = Width of fiber impulse response again measured in the half power maximum amplitude

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner



चित्र 6.3—A typical experimental arrangement for making measurement of dispersion in a multimode fiber in time domain

अत: pulse dispersion को निम्न सूत्रों द्वारा व्यक्त किया जा सकता है—

$$G(3\,dB) = \frac{[\Gamma_o^2(3\,dB) - \Gamma_i^2(3\,dB)]^{1/2}}{L} \text{ ns.km}^{-1}$$

Frequency Domain Dispersion Measurement—Frequency domain dispersion measurement द्वारा fiber में apply किये गये signal के output amplitude तथा frequency के मध्य सम्बन्ध ज्ञात किया जा सकता है। Baseband frequency response को निम्न सूत्र द्वारा calculate किया जा सकता है—

$$H(f) = \frac{P_o(f)}{P_i(f)}$$

जहाँ $P_o(f)$ तथा $P_i(f)$ frequency f पर output तथा input power को व्यक्त करती है। Frequency domain dispersion measurement की कई तकनीकें होती है—Pulse source method तथा frequency, phase response method तथा स्वीप आवृत्ति तकनीक।


Pulse Source Method—इस व्यवस्था को चित्र 6.4(a) में प्रदर्शित किया गया है। एक optical source द्वारा optical pulses को fiber में launch किया जाता है और लगभग 1 km चलने के बाद dispersion के कारण pulse broad हो जाती है। इस pulse को एक detector द्वारा detect कर लिया जाता है तथा fourier transformation करके उसकी frequency components को display किया जाता है।

Frequency and Phase Response Technique—इस तकनीक द्वारा amplitude versus frequency तथा amplitude versus phase दोनों सूचनाऐं प्राप्त होती हैं। System designers के लिए यह विधि अधिक लाभप्रद होती है। इस measurement को करने के लिए एक continuous wave को sinusoidal (sine wave द्वारा) किया जाता है और fiber के शुरू


AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

तथा last में sine wave के amplitude का अनुपात base band frequency response को दर्शाता है। इसका experimental setup 6.4(b) में show किया गया है।



चित्र 6.4 (a)—Pulse source method for frequency domian dispersion measurement



चित्र 6.4 (b)—Frequency and phase response technique for frequency domain dispersion measurement

एक light source से light को प्राप्त करके एक electrooptic crystal ($LiTaO_3$) पर focus किया जाता है। इस light की intensity को एक frequencytunable sine voltage द्वारा modulate किया जाता है। इस modulated signal को एक-एक करके test fiber तथा short length fiber (लगभग 2 m लम्बा) में focus किया जाता है। एक photomultiplier

AKG TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

tube इनको detect करती है और spectrum analyser के द्वारा इनके frequency components की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि reference fiber के component का मान $P_{in}(f)$ है तथा test fiber के modulating frequency पर frequency component का मान $P_{out}(f)$ है तो—


$$H(f) = \frac{P_{out}(f)}{P_{in}(f)}$$

जहाँ $H(f)$ power transfer function के magnitude को दर्शाता है।

Frequency domain measurement तकनीक का मुख्य advantage यह कि time domain data का frequency response लिये बिना ही fiber का transfer function directly ज्ञात किया जा सकता है। इसके मापन में photodetector के लिए linear होना भी आवश्यक नहीं है। इसके साथ-साथ sinusoidal modulatio narrow output pulses की तुलना में आसान पड़ता है।

Sweep Frequency Technique—इस तकनीक में एक sinusoidal modulate किया गया। Optic signal विभिन्न आवृत्तियों पर sweep oscillator की सहायता से launch किया जाता है। अत: base band क्षेत्र में signal energy एक बहुत पतले band में ही सीमित हो जाती है। इसकी व्यवस्था चित्र 6.4(c) में प्रदर्शित है। Optical source में एक laser का use करके उसको सीधे sweep oscillator द्वारा modulate किया जाता है और spectrum analyser द्वारा उसकी frequency details ज्ञात की जाती है और cutback technique का use करके base band frequency response ज्ञात की जाती है। चूँकि spectrum analyser phase के बारे में कोई information नहीं देता। अत: phase तथा frequency दोनों information प्राप्त करने के लिए vector voltmeter तथा network analyser का use किया जाता है।

AKC TECHNICAL CLASSES



चित्र 6.4(c)—Sweep frequency technique for frequency domain dispersion measurement

Scanned with CamScanner

§ 6.5. न्यूमैरिकल एपरचर का मापन (Measurement of Numerical Aperture) :

न्यूमैरिकल एपरचर या रैडियेशन कोण (Numerical aperture or radiation angle) फाइबर के light cone के angular spread (कोणीय विस्तार) का माप है जिसे कि फाइबर स्वीकार तथा pass कर सकता है। यह फाइबर से couple किये जा सकने वाले प्रकाश की अधिकतम मात्रा का निर्धारण करती है। अत: fiber joints (coupler, connector, splices, fiber coupling from source to fiber and fiber to detector) पर loss को ज्ञात करने हेतु NA की गणना अत्यंत आवश्यक है। NA के मापन हेतु far field scanning तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

इस तकनीक के अनुसार far-field region से फाइबर से बाहर आने वाला radiation, फाइबर exit end से Z दूरी पर irradiation के कोणीय निर्भरता को व्यक्त करता है—

$$Z = \frac{10d^2}{\lambda}$$

λ = wavelength of light

d = diameter of fibre core

यह दूरी प्रकाश भौतिकी (optics) में अध्ययन की जाने वाले Fraunhofer diffraction क्षेत्र से मिलती जुलती है।

Irradiants की कोणीय निर्भरता के आधार पर NA (Numerical Aperture) को निम्नवत् परिभाषित किया जा सकता है—

$$NA = \sin\theta = \sqrt{\mu_1^2 - \mu_2^2}$$

μ_1 = refractive index of core

μ_2 = refractive index of cladding

θ = half angle where the far-field intensity has decreased to 5% of maximum.


अत: optical fiber का far field radiation pattern record किया जाता है तथा 5% बिन्दुओं के मध्य कोणीय विस्तार (angular span) को मापा जाता है। (यह angle 2θ होता है) अत:, $\sin\theta$ calculate किया जाता है, NA को दर्शाता है।

विधि—फाइबर के NA को छोटे फाइबर से मापा जाता है। इसकी व्यवस्था चित्र 6.5(b) में प्रदर्शित है। इनपुट सिरे पर प्रकाश enter कराया जाता है। एक quartz halogen lamp (s) से प्रकाश को collimate (parallel में) करके L_1, L_2, L_3 lens system के माध्यम से फाइबर में डाला जाता है। Light से fiber को overfill करने हेतु उच्च NA के objective वाला microscope use किया जाता है।

इनपुट सिरे पर mode scrambling हेतु mode scrambler का use किया जाता है। Cladding modes को strip करने हेतु cladding mode scrambler का use किया जाता है। Fiber का output end fiber holder में होल्ड किया जाता है ताकि manual rotating stage

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner




चित्र 6.5(a)—फार-फील्ड स्कैनिंग विधि द्वारा NA के मापन हेतु सैट-अप

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

के center में इसे position किया जा सके। एक Silicon PIN diode को far field region में इस प्रकार mount किया जाता है ताकि fiber तथा detector axis align हो जायें। Alignment हेतु detector signal को maximise किया जाता है। इस stage को manually घुमाया (rotated) जाता है तथा विभिन्न कोणों पर far field intensity values को record किया जाता है (fiber-अक्ष की दोनों sides पर)। इनके मध्य एक plot खींचा जाता है (far field intensity values vs angles) तथा 5% maximum intensity के 5% बिन्दुओं के मध्य कोण को 2θ मानते हुये $\sin\theta$ की गणना की जाती है ($\because NA = \sin\theta$)।



चित्र 6.5(b)—NA measurement arrangement

§ 6.6. RIP अर्थात् Refractive Index Profile का मापन :

अच्छे क्वालिटी की मल्टीमोड फाइबर्स की निर्माण तकनीकों को कन्ट्रोल करने हेतु RIP का accurate मापन अत्यंत आवश्यक है। RIP के मापन के बाद fiber निर्माण के fiber drawing stage से पहले आवश्यक corrections करके fiber की क्वालिटी में सुधार किया जा सकता है।

आँकड़े बताते हैं कि graded index fibers में यदि refractive index के मान में ideal मान से 0·005 से अधिक का विचलन आता है तो बैंडविड्थ बहुत तेजी से गिरती है। प्रोफाइल पैरामीटर में 0·05 का error bandwidth को लगभग दसवें भाग ($\frac{1}{10}$) तक कम कर देता है अत: RIP का मापन अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके लिये कई तकनीकों का प्रयोग किया जाता है—

- Transmitted near field scanning
- End reflection technique
- Focussing method
- Refracted near field scanning
- Transverse interferometer method
- Interferometric slab method

सिद्धान्त—RIP मापन हेतु transferred near field scanning सबसे simple method है। इसमें refractive index distribution ज्ञात करने हेतु एक short fiber के far end (दूर वाले छोर) पर light power density का मापन किया जाता है। स्रोत से निकलने वाले radiation को near field radiation तब कहा जाता है जब उसे source के करीब से observe किया जाता है। जब उसको source से काफी दूर पर observe किया जाये, जहाँ पर radiation एक plane wave की भाँति लगे तथा उसकी intensity source से दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती हो जाये। Near field को photodiode द्वारा scan किया जाता है।

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

सिद्धान्त के अनुसार यदि प्रकाश की तीव्रता uniform है, सभी propagation modes uniformly excited है, Fiber की लम्बाई कम है (differential mode attenuation का प्रभाव नहीं है) तथा mode coupling नहीं है तो guided modes द्वारा contributed light intensity distribution core तथा cladding indices $\mu_1(r)$ तथा μ_2 के अंतर के समानुपाती होता है। इस विधि में एक समस्या leaky modes की होती है, जिसके लिये correction factor का use किया जाता है। Correction factor apply करने के पश्चात् center से r दूरी पर intensity $P(r)$ को निम्नवत् व्यक्त किया जा सकता है—

$$\frac{P(r)}{P(0)} = \frac{\mu_1^2(r) - \mu_2^2}{\mu_1(0)} \frac{1}{\sqrt{1-\left(\frac{r}{a}\right)^2}}$$

जहाँ $P(0)$ फाइबर के केंद्र पर तीव्रता

$\mu_1(r)$: radius r पर refractive index


$\mu_1(0)$: fiber केंद्र पर refractive index

μ_2 : Cladding की refractive index

a = Core का radius

तथा $\frac{1}{\sqrt{1-\left(\frac{r}{a}\right)^2}}$ = leaky ray correction factor

विधि—RIP की transmitted near field विधि का experimental setup चित्र 6.6 में प्रदर्शित है। एक 100 W quartz halogen lamp (source) से light को multimode fiber में launch किया जाता है (L_1, L_2 collimating lenses व microscope objective L_3 के माध्यम से)। यहाँ source को Lambertian incoherent source assume किया गया है जो यह सुनिश्चित करता है कि फाइबर की सभी modes equally excite होती हैं। फाइबर के आउटपुट सिरे पर Si PIN diode detector का use किया गया है। Detector output को optical power meter द्वारा measure किया जाता है। तीव्रता व दूरी के मध्य plot से RIP के मान प्राप्त किया जाता है।



चित्र 6.6—Near field विधि द्वारा RIP का मापन

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

Important Definitions

Optical power loss measurement: *The power losses for light propagating in an optical fiber can be extremely small, particularly for single-mode silica fibers as used in telecommunications. The resulting attenuation is dominated by Rayleigh scattering for short wavelengths and by multiphonon absorption at long wavelengths. Rayleigh scattering results from refractive index fluctuations, which are unavoidable in a glass, but can be strongly increased by concentration fluctuations in fibers with high NA. Other loss contributions come from inelastic scattering (SBS and SRS), from absorbing impurities, and from fluctuations of the core diameter.*

Most optical fibers are fabricated by pulling from a preform, which is a glass rod with a diameter of a few centimeters and around 1m length. Along its axis, the preform contains a region with increased refractive index, which will form the core. When the preform is heated close to the melting point in a furnace or oven, a thin fiber with a diameter of around 125 ˜m and a length of many kms can be pulled from the bottom of the preform. Before the fiber is wound up, it usually obtains a polymer buffer coating for mechanical and chemical protection.

Fiber Attenuation measurement: *An accurate way of measuring the fiber attenuation coefficient requires transmitting light of a known wavelength through the fiber and measuring the changes over distance. The conventional cutback method, involves coupling fiber to the source and measuring the power out of the far end. The fiber is then cut near the source and power measured again.*

The OTDR method uses an indirect method of measuring loss that involves the backscatter from the fiber. Cables can be attached to the OTDR with a launch cable with a mechanical splice to connect to the optical fiber under test.

Mode Conditioners: *These are gadgets to condition the modal distribution in multimode fibers: mode strippers which remove unwanted cladding mode light, mode scramblers which mix modes to equalize power in all the modes, and mode filters which remove the higher order modes to simulate equilibrium modal distribution (EMD) or steady state conditions.*

Mode Scramblers: *Mode scrambling is an attempt to equalize the power in all modes, simulating a fully filled launch.*

Mode Filters: *Mode filters are used to selectively remove higher order modes to simulate equilibrium modal distribution (EMD) conditions, assuming that one starts with fully filled modes. Higher order modes are easily removed by stressing the fiber in a controlled manner, since the higher order modes are more susceptible to bending losses than their lower counterparts.*

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

प्रश्नावली–6

1. OFC में मापन की क्या आवश्यकता है। निम्न के मापन हेतु विधियाँ लिखिए?
   (a) Fiber attenuation
   (b) Fiber obsorption loss
   (c) Fiber scattering loss
   (d) Fiber dispersion (time domain and frequency domain)
   (e) Fiber cut-off wavelength
   (f) Fiber numerical aperture
2. Cut-back मापन विधि के गुण व दोष लिखिये।
3. OFC में विभिन्न पैरामीटर्स मापन का महत्व समझाइये।
4. Near field व far field में क्या अंतर है?
5. Optical fiber के कौन–कौन से पैरामीटर्स measure किये जा सकते हैं? किसी एक मापन का संक्षिप्त विवरण दीजिये।

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

7 ऑप्टिकल कम्यूनिकेशन
(OPTICAL COMMUNICATION)

THINK ABOUT IT

Lord, make me an instrument of thy peace.
Where there is hatred, let me sow love,
Where there is injury, pardon;
Where there is doubt, faith;
Where there is despair, hope;
Where there is darkness, light;
And where there is sadness, joy.

O Divine Master, grant that I may not so much seek
to be consoled as to console,
to be understood as to understand,
to be loved, as to love.

For it is in giving that we receive,
It is in pardoning that we are pardoned,
and it is in dying that we are born to eternal life.

— Francis of Assisi

AKC TECHNICAL CLASSES

§ 7.1. परिचय (Introduction) :

कम्यूनिकेशन प्रणाली का तात्पर्य उन पद्धतियों से है जिनकी सहायता से सूचना (information) को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है।

आधुनिक विज्ञान व इंजीनियरिंग की सहायता से संचार पद्धतियों में नित नये विकास हो रहे हैं। इस विकास के कारण संचार के नये-नये उपकरण हमें उपलब्ध हो रहे हैं। टेलीफोनी, टेलीग्राफी, फैक्स द्वारा सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुँचाया जा सकता है। रेडियो, टी०वी० द्वारा विश्व भर के समाचार घर बैठे प्राप्त किये जा सकते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी (information technology) में नित नये विकास हो रहे हैं। इंटरनेट (internet) के माध्यम से कम्प्यूटर के सामने बैठते ही हम विश्व भर से जुड़ जाते हैं। ई-मेल (electronic mail) की सहायता से हम अपना संदेश तुरंत विश्व के किसी कोने में पहुँचा सकते हैं। ऑप्टिकल फाइबर (optical fiber) की सहायता से संचार प्रणाली को और बेहतर बनाया जा रहा है। सेलुलर मोबाइल फोन (cellular mobile phone) की आजकल धूम मची हुई है।

Scanned with CamScanner

कुछ वर्षों पहले एक शहर से दूसरे शहर फोन करना अत्यंत असुविधापूर्ण था किन्तु आज एक आम व्यक्ति भी मोबाइल फोन लेकर घूम रहा है।

वीडियो कॉनफ्रेंसिंग (Video Conferencing), पेजिंग (paging), कम्प्यूटराइज्ड रेलवे रिज़रवेशन (Computerized Railway Reservation), फैसिमाइल मशीन (Fascimile Machine), टेलीफोन ऑटो डायलर (Telephone Auto dialer) आदि जैसी कई सुविधायें हमें प्राप्त हो रही है।

इंटरनेट (Internet) की सहायता से कम्प्यूटर पर बैठकर अपनी रुचि के अनुसार हम हर प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट पर विश्व के किसी कोने में बैठे व्यक्ति से चैटिंग (Chatting) कर सकते हैं। खेलों की, फिल्मों की, विज्ञान, शेयर मार्केट की, रोज़गार सम्बन्धी इत्यादि हज़ारों प्रकार की जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध रहती है। अतः, आप अपनी इच्छानुसार वेबसाइट (website) खोलकर किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संचार इंजीनियरिंग का क्षेत्र केवल रेडियो, टी०वी० तक सीमित नहीं है। संचार की सहायता से ही हम समुद्र के जहाज़ों, हवाईजहाज़ों, रॉकेट, अन्तरिक्ष के उपग्रहों (satellites) इत्यादि से सम्पर्क बनाये रख सकते हैं। मौसम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अतः हम देखते हैं कि संचार पद्धतियों के विकास के कारण ही हम न केवल विश्व की सभी जानकारी प्राप्त कर पाते हैं, बल्कि मनोरंजन के क्षेत्र में भी इनकी मुख्य भूमिका है।

§ 7.2. बेसबैंड (Baseband) :

बेसबैंड का तात्पर्य उन आवृत्तियों से है जो सूचना के मूल स्रोत (original source of information) में उपस्थित होती है।

उदाहरणतः, एक ऑडियो सिगनल की आवृत्ति अधिकतम 20 kHz हो सकती है। अतः, बेसबैंड का तात्पर्य इस सिगनल में उपस्थित आवृत्तियों से (अर्थात् 20 Hz से 20 kHz) है।

अतः, जो मूल सिगनल (original signal) एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है, उसे बेसबैंड सिगनल, सूचना सिगनल, मैसेज सिगनल (base band signal, information signal, message signal) इत्यादि नामों से जाना जाता है। अगले खण्ड में आप देखेंगे कि इसे मॉडुलेटिंग सिगनल (modulating signal) भी कहा जाता है। आमतौर पर, मॉडुलेटिंग सिगनल एक निम्न आवृत्ति का सिगनल होता है। यह एक बैंड सीमित (band limited) सिगनल होता है अर्थात् इसमें सीमित आवृत्तियों (limited frequencies) के घटक ही उपस्थित होते हैं।

किसी कम्यूनिकेशन चैनल का उचित उपयोग (efficient utilization) तभी सम्भव है जब इन बेसबैंड आवृत्तियों को उच्च आवृत्ति रेन्ज में शिफ्ट (shift) कर दिया जाये क्योंकि उच्च आवृत्तियों पर ही सूचना का प्रेषण (transmission) ठीक प्रकार से हो जाता है। निम्न आवृत्ति रेन्ज के सिगनल को उच्च आवृत्ति रेन्ज में जिस क्रिया द्वारा शिफ्ट किया जाता है, उसे मॉडुलेशन कहते हैं। अतः, किसी सिगनल को ट्रांसमिट करने से पूर्व उसकी उच्च आवृत्ति रेंज पर शिफ्टिंग (अर्थात् मॉडुलेशन) आवश्यक है। मॉडुलेशन के पश्चात् ही सिगनल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसमिट किया जाता है।

ARC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

जब ट्रांसमिट किया गया सिगनल रिसीवर पर पहुँचता है तो रिसीवर (अभिग्राहक) उस सिगनल को रिसीव करता है। सिगनल को रिसीव करने के पश्चात् उसे फिर से मूल आवृत्ति रेंज (original frequency range) में वापस शिफ्ट (shift back) किया जाता है। यह प्रक्रिया मॉडुलेशन प्रक्रिया की विपरीत (opposite) होती है तथा इसे डिमॉडुलेशन कहा जाता है।

उदाहरणत:, एक रेडियो सिस्टम 30 kHz या उससे अधिक की आवृत्तियों पर ऑपरेट (operate) करता है जबकि बेसबैंड सिगनल (अर्थात् ध्वनि सिगनल) में ऑडियो आवृत्ति रेंज की आवृत्तियाँ (अर्थात् 20 Hz-20 kHz) होती हैं। अत: यह आवश्यक है कि बेसबैंड सिगनल (अर्थात् मैसेज सिगनल) को ट्राँसमिट करने से पूर्व उच्च आवृत्ति रेंज में शिफ्ट कर दिया जाये (मॉडुलेशन तथा रिसीवर पर रिसीव करने के पश्चात् मूल आवृत्ति रेंज में वापस शिफ्ट कर दिया जाये (डिमॉडुलेशन)।

इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आगे के अध्यायों में बेसबैंड सिगनल, मैसेज सिगनल मॉडुलेटिंग सिगनल, सूचना सिगनल आदि शब्दों को एक ही अर्थ में प्रयुक्त किया गया है अर्थात् इन सभी शब्दों का अर्थ एक ही है। अत: इनमें confuse न हों।

बेसबैंड—सूचना के मूल स्रोत (अर्थात् जिस सूचना को ट्रांसमिट करना है) में उपस्थित आवृत्ति रेंज को बेसबैंड कहा जाता है।

§ 7.3. कैरियर सिगनल (Carrier Signal) :

कैरियर का शाब्दिक अर्थ है वाहक का वाहन। संचार पद्धति में कैरियर सिगनल का तात्पर्य उस उच्च आवृत्ति तरंग से है, जिस पर निम्न आवृत्ति के बेसबैंड सिगनल को अध्यारोपित (superimpose) करके भेजा जाता है।

एक उदाहरण लीजिये—मान लीजिये कि आप अपने घर की छत पर खड़े हैं तथा आपका मित्र सड़क पार सामने वाली छत पर खड़ा है। आपके पास एक पत्र है जिसे आप उस मित्र तक पहुँचाना चाहते हैं। यदि आप पत्र को ज़ोर से भी फेकेंगे तो भी वह आपके मित्र तक नहीं पहुँच पायेगा, क्योंकि कागज बहुत हल्का होता है। तो फिर यह आप कैसे पहुँचायेंगे? स्पष्ट है कि आप एक पत्थर (या कोई भारी वस्तु) पर उस पत्र को लपेट देंगे। अब यदि आप पत्थर पर लिपटे इस पत्र को फेकेंगे तो यह काफी दूर तक जा सकता है, अत:, यह आसानी से सामने की छत पर खड़े मित्र तक जा पहुँचेगा। आपका मित्र पत्थर पर लिपटे कागज को पत्थर से अलग करेगा तथा आपका पत्र पढ़ लेगा।

अब उक्त उदाहरण की तुलना संचार पद्धति से कीजिये। एक बेसबैंड सिगनल में निम्न आवृत्तियाँ (low frequencies) होती हैं तथा इन्हें दूर तक ट्रांसमिट कर पाना सम्भव नहीं होता क्योंकि इनकी ऊर्जा (energy) कम होती है (जैसे कि उक्त उदाहरण में कागज को दूर तक नहीं फेंका जा सकता है)। किन्तु उच्च आवृत्ति सिगनल में अधिक ऊर्जा होती है तथा इसे अधिक दूरी तक ट्रांसमिट किया जा सकता है (जैसे उक्त उदाहरण में पत्थर को दूर तक फेंका जा सकता है)।

अत: एक उच्च आवृत्ति के सिगनल पर (जिसे कैरियर सिगनल कहा जाता है) निम्न आवृत्ति के बेसबैंड सिगनल को अध्यारोपित (superimpose) किया जाता है (जैसे उक्त उदाहरण में

AKG TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

कागज को पत्थर पर लपेटा गया)। अध्यारोपित करने से यह तात्पर्य है कि कैरियर सिगनल का कोई अभिलक्षण (जैसे—आयाम, आवृत्ति या फेज़) को बेसबैंड सिगनल के मान के अनुसार परिवर्तित किया जाता है। इस क्रिया को मॉडुलेशन कहते हैं। मॉडुलेशन के पश्चात् प्राप्त मॉडुलेटेड कैरियर तरंग को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से भेजा जा सकता है।

चूँकि कैरियर में स्वयं कोई सूचना नहीं होती (जैसे कि उक्त उदाहरण में पत्थर में कोई सूचना नहीं थी), उसका कार्य सिर्फ सूचना सिगनल (message signal or baseband सिगनल) को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना जाता है, अतः इसे कैरियर सिगनल कहा जाता है।

कैरियर सिगनल एक वाहन (या वाहक) है, जिस पर चढ़कर सूचना एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचती है।

ध्यान रखें कि चूँकि बेसबैंड सिगनल (अर्थात् मैसेज सिगनल) कैरियर को मॉडुलेट करता है (अर्थात् कैरियर सिगनल का कोई अभिलक्षण मैसेज तरंग के मान के अनुरूप परिवर्तित होता है), अतः मैसेज सिगनल को मॉडुलेटिंग सिगनल भी कहा जाता है।

कैरियर सिगनल एक उच्च आवृत्ति f_c की ज्यावक्रीय तरंग (sine wave) होती है, जिसके ऊपर निम्न आवृत्ति के बेसबैंड सिगनल (मॉडुलेटिंग सिगनल) को अध्यारोपित किया जाता है तथा उसके पश्चात् प्राप्त मॉडुलेटेड कैरियर सिगनल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है।

§ 7.4. मॉडुलेशन (Modulation) :

मॉडुलेट करने का शाब्दिक अर्थ है एडजस्ट करना (to adjust), रेगुलेट करना (to regulate) या ठीक करना (to set right)।

संचार में मॉडुलेशन से यह तात्पर्य है कि किसी उच्च आवृत्ति तरंग (high frequency wave) (जिसको कैरियर तरंग कहा जाता है) के किसी अभिलक्षण (parameter) (जैसे आयाम amplitude), आवृत्ति (frequency) अथवा कला (phase) को निम्न आवृत्ति के सूचना सिगनल (low frequency information signal) (जिसको मॉडुलेटिंग सिगनल भी कहा जाता है) के अनुसार रेगुलेट या परिवर्तित किया जाता है।

उक्त आधार पर मॉडुलेशन को निम्न प्रकार से परिभाषित किया जाता है—

"मॉडुलेशन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक उच्च आवृत्ति कैरियर तरंग का कोई अभिलक्षण निम्न आवृत्ति की मॉडुलेटिंग तरंग के तात्क्षणिक मान के अनुसार परिवर्तित किया जाता है।"

"उच्च आवृत्ति कैरियर तरंग पर, ऑडियो आवृत्ति के अध्यारोपण *(Superposition)* होने की क्रिया मॉडुलेशन कहलाती है।"

"Modulation is defined as a process by which some characteristics of a carrier wave is varied in accordance with the modulating wave."

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

"In order to make speech or music (called audio frequency signal) to be heard over long distance, the audio frequency signal is superimposed over a very high radio frequency signal (R.F. signal). The process of superimposing audio frequency signals on radio signals is called modulation. The modulated R.F. signal is transmitted from the radio station."

जब कभी भी हमें ऑडियो तरंग को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना होता है तो पहले इस ऑडियो तरंग द्वारा उच्च आवृत्ति की कैरियर तरंग का मॉडुलेशन कराया जाता है। **कैरियर तरंग का ऑडियो सिगनल (मॉडुलेटिंग सिगनल) द्वारा मॉडुलेशन होने पर (अर्थात् मॉडुलेशन के पश्चात्) जो तरंग प्राप्त होती है, उसे मॉडुलेटेड तरंग** (Modulated wave) **कहते हैं। इस मॉडुलेटेड तरंग को ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है।**

दूसरे शब्दों में, मॉडुलेशन क्रिया की सहायता से बेस बैंड आवृत्तियों को उच्च आवृत्ति रेंज में शिफ्ट कर दिया जाता है, जिससे उनका ट्रांसमिशन आसानी से हो जाता है।

एक बार पुन: स्मरण कर लें कि बेसबैंड सिगनल, मैसेज सिगनल तथा मॉडुलेटिंग सिगनल, इत्यादि का अभिप्राय एक ही है, अर्थात् वह मूल सिगनल जिसको एक स्थान दूसरे स्थान पर भेजा जाना है। यह सिगनल उच्च आवृत्ति की कैरियर तरंग को मॉडुलेट करता है तथा प्राप्त मॉडुलेटेड सिगनल का ट्रांसमिशन होता है।

मॉडुलेशन (Modulation)—मॉडुलेशन वह क्रिया है जिसके द्वारा एक उच्च आवृत्ति की कैरियर तरंग का कोई अभिलक्षण (जैसे आयाम, आवृत्ति या कला) निम्न आवृत्ति की मॉडुलेटिंग तरंग के मान के अनुसार परिवर्तित किया जाता है। मॉडुलेशन की क्रिया द्वारा बेसबैंड आवृत्तियों को उच्च आवृत्ति रेंज में शिफ्ट कर दिया जाता है, जिससे सिगनल का ट्रांसमिशन ठीक प्रकार से सम्भव हो जाता है।

AKC TECHNICAL CLASSES

§ 7.5. डिमॉडुलेशन (Demodulation) :

पिछले खण्ड में आपने मॉडुलेशन के विषय में पढ़ा। मॉडुलेशन द्वारा बेसबैंड आवृत्तियों को उच्च आवृत्ति रेंज में शिफ्ट कर दिया जाता है। मॉडुलेटिंग तरंग द्वारा कैरियर को मॉडुलेट करने पर प्राप्त मॉडुलेटेड तरंग को ट्रांसमिट किया जाता है।

रिसीवर इस मॉडुलेटेड तरंग को रिसीव करता है। इस मॉडुलेटेड तरंग में से मूल मॉडुलेटिंग सिगनल (अर्थात् बेसबैंड सिगनल) को पुन: प्राप्त (restore or recover) करने की आवश्यकता होती है। इस हेतु मॉडुलेटेड तरंग (जो कि रिसीवर पर प्राप्त हुई है) का डिमॉडुलेशन (Demodulation) किया जाता है। डिमॉडुलेशन मॉडुलेशन की विपरीत क्रिया है।

उक्त आधार पर डिमॉडुलेशन क्रिया को निम्न प्रकार से परिभाषित किया जाता है—

"मॉडुलेशन की विपरीत क्रिया को डिमॉडुलेशन कहते हैं।"

"डिमॉडुलेशन वह क्रिया है जिसके द्वारा मॉडुलेटेड तरंग से मूल मॉडुलेटिंग तरंग पुन: प्राप्त की जाती है।"

Scanned with CamScanner

"Demodulation is defined as reverse process of modulation."

"The process of recovering the audio signal from the modulated wave is known as demodulation or detection."

उक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि मॉडुलेशन तथा डिमॉडुलेशन क्रियायें कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने से पूर्व मॉडुलेशन क्रिया तथा उसको रिसीव करने के पश्चात् डिमॉडुलेशन क्रिया होती है।

डिमॉडुलेशन—रिसीवर पर मॉडुलेटेंड सिगनल रिसीव करने के पश्चात् उसमें से मूल मॉडुलेटिंग तरंग पुनः प्राप्त करने हेतु की जाने वाली क्रिया (अर्थात् मॉडुलेशन की विपरीत क्रिया) को डिमॉडुलेशन कहते हैं।

§ 7.6. मॉडुलेशन व डिमॉडुलेशन की आवश्यकता (Need of Modulation and Demodulation) :

हमने देखा कि किसी सूचना सिगनल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाने से पहले मॉडुलेशन क्रिया होती है। सूचना सिगनल एक उच्च आवृत्ति कैरियर सिगनल का मॉडुलेशन करता है, तथा मॉडुलेटेड तरंग को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है। रिसीवर पर मॉडुलेटेड सिगनल का डिमॉडुलेशन करके मूल सिगनल पुनः प्राप्त किया जाता है। मॉडुलेशन की आवश्यकता निम्न कारणवश होती है—

(i) उच्च आवृत्तियों पर सिगनल का ट्रांसमिशन सस्ता तथा विश्वसनीय (Cheap and reliable) **होता है।** निम्न आवृत्ति सिगनल अधिक दूरी तय नहीं कर सकते तथा इनके ट्रांसमिशन में उच्च आवृत्ति सिगनलों की तुलना में अधिक पॉवर की आवश्यकता होती है। अतः, बेसबैंड सिगनल को ट्रांसमिटर करने से पहले उसे उच्च आवृत्ति रेंज पर शिफ्ट किया जाता है, इस प्रक्रिया को ही मॉडुलेशन कहते हैं।

(ii) यदि सूचना सिगनल को बिना मॉडुलेशन के, प्रसारित कर दिया जाये, तो रिसीव करने वाले एन्टीना की अत्यधिक लम्बाई की आवश्यकता होती है। यदि किसी एन्टीना की ऊँचाई, प्रयुक्त आवृत्ति की तरंग दैर्ध्य (Wavelength) के एक चौथाई से अधिक होती है, तभी उस सिगनल को एन्टीना अच्छी प्रकार से रिसीव कर पाता है। यदि एन्टीना की ऊँचाई, प्रयुक्त सिगनल की Wavelength की एक चौथाई से कम होगी, तो एन्टीना उस सिगनल को ठीक प्रकार से रिसीव नहीं कर पायेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि बढ़िया रिसेप्शन (Reception) हेतु एन्टीना की ऊँचाई, सिगनल की Wavelength की कम से कम एक चौथाई तो होनी ही चाहिये।

उदाहरणतः, यदि सिगनल की आवृत्ति 10 kHz है, तो सूत्र $\lambda = \frac{c}{\nu}$ (जहाँ λ = wavelength, ν = frequency तथा $c = 3 \times 10^8$ m/s) के अनुसार सिगनल की Wavelength $\lambda = \frac{3 \times 10^8}{10 \times 10^3}$ $= 3 \times 10^4$ m होगी। अतः, एन्टीना की ऊँचाई इस wavelength की एक चौथाई अर्थात

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

$\frac{1}{4} \times 3 \times 10^4 = 7500$ m होनी चाहिये। स्पष्ट है कि इतना ऊँचा एन्टीना व्यवहारिक रूप से सम्भव नहीं है।

यदि ट्रांसमिशन आवृत्ति 10 MHz है, तो इस सिगनल की Wavelength $\lambda = \frac{0{\cdot}3 \times 10^8}{10^7}$ = 30 m होगी। इसका एक चौथाई $\frac{30}{4}$ m अर्थात् 7·5 m होगा। अत:, इस ऊँचाई का एन्टीना व्यवहारिक रूप से सम्भव है। अत:, सिगनल को उच्च आवृत्ति पर ट्रांसमिट किया जाता है।

(iii) मॉडुलेशन के कारण ही Frequency Division Multiplexing **सम्भव हो पाती है।** चूँकि श्रव्य आवृत्तियों (audio frequencies) की एक निश्चित रेन्ज होती है, अत: यदि सभी स्टेशन इसी आवृत्ति रेन्ज पर प्रसारण करेंगे तो सभी स्टेशनों के सिगनल मिक्स (mix up) हो जायेंगे, तथा उन्हें **रिसीवर** पर अलग करना अत्यंत कठिन हो जायेगा। मॉडुलेशन द्वारा सूचना सिगनल की **आवृत्तियों की** उच्च आवृत्ति रेन्ज में शिफ्टिंग हो जाती है। अत:, प्रत्येक स्टेशन की कैरियर आवृत्ति **अलग-अलग रखकर** प्रत्येक स्टेशन के सिगनल को अलग-अलग आवृत्ति रेंज में शिफ्ट किया जाता है। इस तकनीक को Frequency division multiplexing कहते हैं। अत:, प्रत्येक स्टेशन को एक आवृत्ति बैंड निर्धारित किया जाता है, तथा उस स्टेशन का रिसीवर उसी आवृत्ति बैंड को रिसीव करता है। अत:, कई स्टेशनों के सिगनलों के Mix-up होने की सम्भावना समाप्त हो जाती है।

मॉडुलेशन इसलिये आवश्यक है क्योंकि—

(i) मॉडुलेशन द्वारा बेसबैंड सिगनल की आवृत्तियों को उच्च आवृत्ति रेंज में शिफ्ट कर दिया जाता है, तथा उच्च आवृत्ति रेंज में ट्रांसमिशन सस्ता, तथा विश्वसनीय होता है और इसमें कम पॉवर खर्च होती है।

(ii) मॉडुलेटेड सिगनल को रिसीव करने हेतु एन्टीना की ऊँचाई कम तथा व्यवहारिक होती है। बिना मॉडुलेटेड सिगनल को रिसीव करने हेतु आवश्यक एन्टीना की ऊँचाई अत्यधिक व अव्यवहारिक होती है।

(iii) मॉडुलेशन द्वारा विभिन्न स्टेशनों के सिगनलों की Frequency division Multiplexing करके उन्हें Mix-up होने से बचाया जा सकता है।

§ 7.7. संचार पद्धति का ब्लॉक डायग्राम (Block Diagram of Communication System) :


किसी संचार पद्धति का मुख्य उद्देश्य सूचना सिगनलों (अर्थात् वह सिगनल जिनमें सूचना होती है) को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना होता है। इन सिगनलों को information signal, message signal या intelligence signal भी कहा जाता है। जिस स्थान से सूचना भेजी जाती है, वह स्त्रोत (source) कहलाता है। जिस स्थान पर सूचना भेजी जाती है, वह लक्ष्य (destination) कहलाता है।

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

सर्वप्रथम, सूचना को विद्युतीय सिगनल (electrical) सिगनल में बदला जाता है। स्रोत द्वारा उत्पन्न सूचना (जो कि सामान्यत: विद्युतीय नहीं होती) को विद्युतीय सिगनल में बदलने वाली युक्ति ट्रांसड्यूसर (Transducer) कहलाती है। उदाहरणत: यदि सूचना सिगनल ध्वनि है तो इसे माइक्रोफोन की सहायता से विद्युतीय तरंगों में बदला जाता है।

चित्र 7.1 में संचार पद्धति का ब्लॉक डॉयग्राम प्रदर्शित है, जिसके मुख्य अंग हैं—ट्रांसमिटर, संचार चैनल तथा रिसीवर।



चित्र 7.1—कम्यूनिकेशन प्रणाली का ब्लॉक डायग्राम

ट्रांसमिटर (Transmitter)—किसी सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने से पूर्व मॉडुलेशन क्रिया होती है, जिसमें सूचना सिगनल एक उच्च आवृत्ति कैरियर तरंग को मॉडुलेट करती है। मॉडुलेशन क्रिया ट्रांसमिटर में सम्पन्न होती हैं।

कम्यूनिकेशन चैनल (Communication Channel)—कम्यूनिकेशन चैनल के माध्यम से मॉडुलेटेड तरंग एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचती हैं। कम्यूनिकेशन चैनल किसी भी रूप में हो सकता है। टेलीफोनी में ट्रांसमिशन लाइन के रूप में, टी० वी०, रेडियो प्रसारण में मुक्त स्पेस (free space) के रूप में, ऑपटिकल संचार पद्धतियों में ऑपटिकल फाइबर (optical fibres) के रूप में, इत्यादि। चैनल में ट्रांसमिट होते समय शोर तथा व्यतिकरण (Noise and Interference) के कारण सिगनल का विरूपण (Distortion) होने की सम्भावना होती है। अत:, ट्रांसमिटर तथा रिसीवर का अभिकल्पन (Design) इस प्रकार किया जाना चाहिये, जिससे चैनल में कम से कम (minimum) विरूपण हो।

रिसीवर (Receiver)—रिसीवर सिगनल को रिसीव करता है। तत्पश्चात्, डिमॉडुलेशन द्वारा मॉडुलेटिंग सिगनल को पुन: प्राप्त किया जाता है। डिमॉडुलेशन के पश्चात् प्राप्त विद्युतीय सिगनल को लाउडस्पीकर द्वारा ध्वनि सिगनल में बदला जाता है।

एक ध्वनि सिगनल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने हेतु सर्वप्रथम ध्वनि सिगनल को माइक्रोफोन द्वारा विद्युतीय सिगनल में बदला जाता है। फिर इस विद्युतीय सिगनल द्वारा एक उच्च आवृत्ति कैरियर सिगनल को मॉडुलेट किया जाता है तथा प्राप्त मॉडुलेटेड तरंग को कम्यूनिकेशन चैनल पर ट्रांसमिट कर दिया जाता है। रिसीवर पर मॉडुलेटेड तरंग को रिसीव किया जाता है तथा उसका डिमॉडुलेशन किया जाता है। डिमॉडुलेशन के पश्चात् सिगनल को लाउडस्पीकर द्वारा पुन: ध्वनि तरंग में परिवर्तित कर दिया जाता है।

AKC TECHNICAL CLASSES

Scanned with CamScanner

§ 7.8. मॉडुलेशन के प्रकार (Types of Modulation) :

